दिनांक–24.04.2024
समय–7.10एएम
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में राज्य के 6 लोकसभा क्षेत्रों में 26 अप्रैल को होगा मतदान, आज शाम थमेगा चुनाव प्रचार का शोर।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज प्रदेश में चुनावी दौरे पर, सागर और हरदा में सभाओं के बाद भोपाल में करेंगे रोड शो।
- बोर्ड पैटर्न पर हुई 8वीं की परीक्षा का परिणाम 87 दशमलव 7–1 प्रतिशत और 5वीं का 90 दशमलव 9–7 फीसदी रहा।
- प्रदेश में छिंदवाड़ा सहित कई जिलों में आंधी, बारिश, और ओले भी गिरे।

पीएम–चुनावी दौरा–प्रदेश

वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। श्री मोदी सागर और हरदा में जन सभाओं के बाद भोपाल में रोड शो करेंगे। वहीं,लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में प्रदेश के 6 लोकसभा क्षेत्रों में 26 अप्रैल को मतदान होगा। इन क्षेत्रों में आज शाम 6 बजे से चुनाव प्रचार बंद हो जायेगा।

*प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद संसदीय क्षेत्रों में मतदान होगा। मध्यप्रदेश में चुनाव प्रचार चरम पर है. वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सागर लोकसभा क्षेत्र के बड़तूमा में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद श्री मोदी बैतूल लोकसभा क्षेत्र के हरदा में जनसभा को संबोधित करेंगे। शाम सात बजे प्रधानमंत्री भोपाल में करीब एक किमी लम्बा रोड शो करेंगे। उधर, कांग्रेस की और से प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी,पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण यादव और सांसद विवेक तन्खा झाबुआ और धार में चुनाव प्रचार करेंगे. एनएसयूआई ने भी युवाओं के बीच कांग्रेस उम्मीदवारों के पक्ष में मोर्चा संभाल लिया है. बसपा और निर्दलीय उम्मीदवार भी पूरी ताकत से चुनाव प्रचार में जुटे हैं.*

पीएम रोड शो–भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राजधानी भोपाल में रोड शो के लिए तैयारियां कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि श्री मोदी मालवीय नगर स्थित तिराहे से खुले रथ पर सवार होकर मेजर नानके पेट्रोल पंप तिराहा तक पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि रोड–शो के

दौरान लगभग 200 मंच स्थलों से प्रधानमंत्री का स्वागत किया जाएगा। इस दौरान कलाकार, साधु– संत सहित अलग–अलग वर्गों के लोग श्री मोदी का स्वागत करेंगे।

दूसरा चरण–प्रदेश

दूसरे चरण में प्रदेश के टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद में शुक्रवार 26 अप्रैल को मतदान होना है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदान समाप्ति के लिये निर्धारित समय के 48 घण्टे से पहले से चुनाव प्रचार बंद करने का प्रावधान है। प्रचार–प्रसार समाप्त होने की समय–सीमा के बाद बाहरी क्षेत्र के व्यक्तियों को, जो उस लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता नहीं हैं, उन्हें वह निर्वाचन क्षेत्र छोड़ना होता है। इसके लिए सघन निगरानी अभियान चलाया जाता है।

वहीं चौथे चरण के लिये नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। अब तक 39 अभ्यर्थियों द्वारा 62 नाम निर्देशन–पत्र दाखिल किये जा चुके हैं। 5वें दिन कल 11 अभ्यर्थियों ने परचे दाखिल किये। उज्जैन रतलाम इंदौर खंडवा में में दो दो मंदसौर धार और खरगौन में एक–एक अभ्यर्थियों ने नामांकन भरे। देवास में किसी भी अभ्यर्थी द्वारा कोई भी नाम निर्देशन–पत्र दाखिल नहीं किया गया। नाम निर्देशन–पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल है। चौथे चरण के लिए 13 मई को मतदान होगा।

<u>जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ</u>

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे ॉंजे lचच नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

मतदाता जागरूकता–प्रदेश

मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के मकसद से प्रदेश में तरह–तरह की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इंदौर को लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए अनेक नवाचार और अनूठी पहल की जा रही है। इसी के तहत मतदाता जागरूकता संवाद कार्यक्रम में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। इंदौर शहर के विभिन्न व्यवसायिक

संस्थाओं और संगठनों ने निर्णय लिया है कि मतदान दिवस पर 13 मई को मतदान करने वाले मतदाताओं को निःशुल्क पोहे/जलेबी, आईस्क्रीम, कोल्ड ड्रिंक्स, नूडल्स और मन्चुरियन खिलाये जायेंगे। साथ ही उन्हें खरीदी पर आकर्षक डिस्काउंट भी दिया जायेगा। साथ ही ऐसे युवा मतदाता जिन्होंने पहली बार अपने मताधिकार का उपयोग किया है उन्हें निःशुल्क आईस्क्रीम खिलाई जायेगी। धार में कल दिव्यांगजन क्रिकेट प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बदनावर की टीम ने धार टीम को 46 रनो से पराजित किया। केंद्रीय विद्यालय खंडवा के विद्यार्थियों द्वारा इस समय रैली का आयोजन किया जा रहा है। खंडवा जिले के ग्राम पंचायत शाहपुरा, ग्राम पंचायत चिचगोहन, ग्राम सुंदरदेव में मतदाताओं को मतदान करने का संकल्प दिलाया गया। मंदसौर के ग्राम झारड़ा में रात्रि चुनाव चौपाल आयोजित कर मतदाता को मतदान के लिए प्रेरित किया। बुजुर्ग मतदाताओं, दिव्यांग मतदाताओं एवं नए युवा मतदाताओं का स्वागत किया। वहीं मतदान के लिए तैयारियां जारी हैं। विदिशा जिले में सात मई को मतदान होना है जिसमें 306 मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है उनमें 85 वर्ष से आयु वर्ग के 228 तथा 78 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। अशोकनगर जिले में 85 प्लस एवं दिव्यांमग मतदाताओं को डोर टू डोर डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा उपलब्ध; कराने के लिए कल प्रशिक्षण आयोजित किया गया । शिवपुरी जिले में डाक मतपत्रों से मतदान कराने हेतु दल गठित किये गये हैं। इन दलों का प्रशिक्षण कल आयोजित किया जाएगा।

बोर्ड–परीक्षा परिणाम

स्कूल शिक्षा विभाग ने बोर्ड पैटर्न पर हुई 5वीं और 8वीं की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। इन दोनों परीक्षाओं में करीब 24 लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे। 5वीं की बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन 6 से 13 मार्च और कक्षा 8वीं की वार्षिक परीक्षाएं 6 से 14 मार्च तक आयोजित की गई थीं।

कक्षा पांचवी का परिणाम 90 दशमलव 9–7 फीसदी रहा है। इसमें सरकारी स्कूल का 91 दशमलव 5–3 और निजी स्कूल का परीक्षा परिणाम 90 दशमलव 1–8 फीसदी रहा है। मदरसों का परिणाम 73 दशमलव 2–6 फीसदी रहा है। कक्षा आठवीं का रिजल्ट 87 दशमलव 7–1 फीसदी रहा है। सरकारी स्कूल का 86 दशमलव 2–2 फीसदी प्रायवेट स्कूल 90 दशमलव 6–0 फीसदी और मदरसा के 67 दशमलव 4–0 फीसदी छात्रों ने बाजी मारी है।

मौसम–प्रदेश

प्रदेश में कई स्थानों पर कल तेज हवाओं के साथ बारिश हुई और कुछ जगहों पर ओले भी गिरे। छिंदवाड़ा में आंधी–बारिश के साथ ओले गिरे। मंडला में आज फिर मौसम फिर बदल गया। गरज चमक के साथ तेज बारिश हुई है और हल्की ओलावृष्टि भी हुई। मौसम विभाग के अनुसार बैतूल, पांढुर्ना, सिवनी, मंडला, डिंडोरी, मऊगंज में बिजली चमकने के साथ मध्यम

तूफान आ सकता है। ओले भी गिर सकते हैं। रीवा, सतना के चित्रकूट, शहडोल, जबलपुर, मैहर, उमरिया, अनूपपुर, बालाघाट, सीधी और सिंगरौली जिलों में बिजली गिरने के साथ हल्की गरज के साथ बारिश हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ सहित विभिन्न मौसमीय कारणों से पिछले 4 दिन से प्रदेश के कई जिलों में बारिश हो रही है, जो 25 अप्रैल तक होती रहेगी।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- पन्ना में चुनावी कार्य में लापरवाही बरने पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी धरवारा क्षेत्र रैपुरा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की कार्यवाही की गई है।
- रायसेन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता गतिविधियों में रैली, चित्रकला, रंगोली, पोस्टर, मानव श्रृंखला बनाई जा रही है।
- खंडवा में गणेश तलाई रोड स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव दो दिनों तक आस्था एवं धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। मंदसौर, नर्मदापुरम और अन्य स्थानों में भी हनुमान जयंती मनाई गई।
- खरगोन जिले के अंतर्गत आगरा मुंबई नेशनल हाईवे पर ट्रक को टक्कर मारने के बाद बस 80 फीट ऊंचे पुल से गिरते गिरते बची। घटना में 20 यात्री घायल हो गए।

——————————————

**न्यूज फॉर हिन्दी वैब -**

**(1) पीएम-चुनावी दौरा-प्रदेश**

**वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। श्री मोदी सागर और हरदा में जन सभाओं के बाद भोपाल में रोड शो करेंगे। वहीँ,लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में प्रदेश के 6 लोकसभा क्षेत्रों में 26 अप्रैल को मतदान होगा। इन क्षेत्रों में आज शाम 6 बजे से चुनाव प्रचार बंद हो जायेगा।**

**प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद संसदीय क्षेत्रों में मतदान होगा। मध्यप्रदेश में चुनाव प्रचार चरम पर है. वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सागर लोकसभा क्षेत्र के बड़तूमा में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद श्री मोदी बैतूल लोकसभा क्षेत्र के हरदा में जनसभा को संबोधित करेंगे। शाम सात बजे प्रधानमंत्री भोपाल में करीब एक किमी लम्बा रोड शो करेंगे। उधर, कांग्रेस की और से प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी,पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण यादव और सांसद विवेक तन्खा झाबुआ और धार में चुनाव प्रचार करेंगे. एनएसयूआई ने भी युवाओं के बीच कांग्रेस उम्मीदवारों के पक्ष में मोर्चा संभाल लिया है. बसपा और निर्दलीय उम्मीदवार भी पूरी ताकत से चुनाव प्रचार में जुटे हैं.**

(2) पीएम - रोड शो - भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राजधानी भोपाल में रोड शो के लिए तैयारियां कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि श्री मोदी मालवीय नगर स्थित तिराहे से खुले रथ पर सवार होकर मेजर नानके पेट्रोल पंप तिराहा तक पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि रोड-शो के दौरान लगभग 200 मंच स्थलों से प्रधानमंत्री का स्वागत किया जाएगा। इस दौरान कलाकार, साधु- संत सहित अलग-अलग वर्गों के लोग श्री मोदी का स्वागत करेंगे।

(3) दूसरा चरण-प्रदेश

दूसरे चरण में प्रदेश के टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद में षुक्रवार 26 अप्रैल को मतदान होना है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदान समाप्ति के लिये निर्धारित समय के 48 घण्टे से पहले से चुनाव प्रचार बंद करने का प्रावधान है। प्रचार-प्रसार समाप्त होने की समय-सीमा के बाद बाहरी क्षेत्र के व्यक्तियों को, जो उस लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता नहीं हैं, उन्हें वह निर्वाचन क्षेत्र छोड़ना होता है। इसके लिए सघन निगरानी अभियान चलाया जाता है।

वहीं चौथे चरण के लिये नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। अब तक 39 अभ्यर्थियों द्वारा 62 नाम निर्देशन-पत्र दाखिल किये जा चुके हैं। 5वें दिन कल 11 अभ्यर्थियों ने परचे दाखिल किये। उज्जैन रतलाम इंदौर खंडवा में में दो दो मंदसौर धार और खरगौन में एक-एक अभ्यर्थियों ने नामांकन भरे। देवास में किसी भी अभ्यर्थी द्वारा कोई भी नाम निर्देशन-पत्र दाखिल नहीं किया गया। नाम निर्देशन-पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल है। चौथे चरण के लिए 13 मई को मतदान होगा।

(4) मतदाता जागरूकता-प्रदेश

मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के मकसद से प्रदेश में तरह-तरह की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इंदौर को लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए अनेक नवाचार और अनूठी पहल की जा रही है। इसी के तहत मतदाता जागरूकता संवाद कार्यक्रम में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। इंदौर शहर के विभिन्न व्यवसायिक संस्थाओं और संगठनों ने निर्णय लिया है कि मतदान दिवस पर 13 मई को मतदान करने वाले मतदाताओं को निःशुल्क पोहे/जलेबी, आईस्क्रीम, कोल्ड ड्रिंक्स, नूडल्स और मन्चुरियन खिलाये जायेंगे। साथ ही उन्हें खरीदी पर आकर्षक

डिस्काउंट भी दिया जायेगा। साथ ही ऐसे युवा मतदाता जिन्होंने पहली बार अपने मताधिकार का उपयोग किया है उन्हें निःशुल्क आईस्क्रीम खिलाई जायेगी। धार में कल दिव्यांगजन क्रिकेट प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बदनावर की टीम ने धार टीम को 46 रनो से पराजित किया। केंद्रीय विद्यालय खंडवा के विद्यार्थियों द्वारा इस समय रैली का आयोजन किया जा रहा है। खंडवा जिले के ग्राम पंचायत शाहपुरा, ग्राम पंचायत चिचगोहन, ग्राम सुंदरदेव में मतदाताओं को मतदान करने का संकल्प दिलाया गया। मंदसौर के ग्राम झारड़ा में रात्रि चुनाव चौपाल आयोजित कर मतदाता को मतदान के लिए प्रेरित किया। बुजुर्ग मतदाताओं, दिव्यांग मतदाताओं एवं नए युवा मतदाताओं का स्वागत किया। वहीं मतदान के लिए तैयारियां जारी हैं। विदिशा जिले में सात मई को मतदान होना है जिसमें 306 मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है उनमें 85 वर्ष से आयु वर्ग के 228 तथा 78 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। अशोकनगर जिले में 85 प्लस एवं दिव्यांमग मतदाताओं को डोर टू डोर डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा उपलब्ध; कराने के लिए कल प्रशिक्षण आयोजित किया गया । शिवपुरी जिले में डाक मतपत्रों से मतदान कराने हेतु दल गठित किये गये हैं। इन दलों का प्रशिक्षण कल आयोजित किया जाएगा।

### (5) सी-विजिल एप - प्रदेश

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दौरान सी-विजिल एप पर 3 हजार 757 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इन सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण कर दिया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुमप राजन ने बताया कि मुख्य रूप से ग्वालियर में 381, सागर में 295, उज्जैन में 257, दमोह में 224 और मुरैना में 184 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। प्रदेश के अन्य जिलों से भी इस प्रकार की शिकायतें मिली हैं। श्री राजन ने बताया कि नागरिक को आचरण संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी घटना की जानकारी होने पर फोटो या वीडियो “सी-विजिल एप“ पर अपलोड करना होगा। शिकायत मिलने पर अगले 100 मिनट में कार्रवाई की जाएगी।

-----------------------